पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार

University of Patanjali, Haridwar

PROGRAMME PROJECT REPORT (PPR)

B.A. दर्शन

B.A. Philosophy

Open and Distance Learning Programme

(शैक्षणिक सत्र 2026–2027 से प्रभावी)

(Effective from Academic Session 2026–2027)

Accredited with Grade A+ by NAAC

पतंजलि विश्वविद्यालय,(हरिद्वार)

PROGRAMME PROJECT REPORT (PPR)

B.A. दर्शन

Open and Distance Learning Programme

(शैक्षणिक सत्र 2026-2027 से प्रभावी)

Contents

1.विश्वविद्यालय परिचय 4

2.विश्वविद्यालय की दृष्टि (Vision) 4

3.विश्वविद्यालय का लक्ष्य (Mission) 4

4. कार्यक्रम का परिचय B.A. दर्शन 5

5.कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व 5

6. कार्यक्रम के शैक्षिक उद्देश्य (Programme Educational Objectives) 6

7.कार्यक्रम मिशन (Programme Mission) 6

8.कार्यक्रम परिणाम (Programme Outcomes) 7

9.विश्वविद्यालय मिशन से कार्यक्रम की प्रासंगिकता 7

10.लक्षित शिक्षार्थी (Target Learners) 8

11.कौशल विकास एवं दक्षता निर्माण 8

12.Instructional Design (शिक्षण-अधिगम प्रणाली) 9

13.कार्यक्रम संरचना 10

14.मूल्यांकन प्रणाली 12

15.रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसर 13

16.प्रवेश प्रक्रिया 14

17. शुल्क संरचना (Indicative) 16

18.गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली 16

19.शैक्षणिक संसाधन (Faculty Resources) 16

20.अवसंरचना सहयोग (Infrastructure Support) 17

21.प्रयोगशाला सहयोग एवं पुस्तकालय संसाधनों की आवश्यकता 18

22.कार्यक्रम की लागत का अनुमान एवं प्रावधान 18

1.विश्वविद्यालय परिचय

पतंजलि विश्वविद्यालय भारत की अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थाओं में से एक है, जो प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के समन्वय हेतु समर्पित है। यह विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड राज्य के पवित्र नगर हरिद्वार के समीप स्थित है, जहाँ आध्यात्मिकता, संस्कृति एवं शिक्षा का अद्भुत वातावरण विद्यमान है। विश्वविद्यालय का नाम महान योगद्रष्टा महर्षि पतंजलि के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने योगसूत्रों के माध्यम से मानवता को चित्तशुद्धि, आत्मविकास और मोक्ष का मार्ग प्रदान किया।

विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे योग, आयुर्वेद, संस्कृत, दर्शन, वेद, उपनिषद् तथा शास्त्रीय विषयों को आधुनिक पद्धति से विद्यार्थियों तक पहुँचाना है। इसके साथ-साथ विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं व्यावसायिक विषयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है।

विश्वविद्यालय शिक्षण, शोध, प्रशिक्षण, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के समन्वित दृष्टिकोण पर कार्य करता है। Open and Distance Learning (ODL) प्रणाली के माध्यम से यह संस्था उन विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते।

2.विश्वविद्यालय की दृष्टि (Vision)

- विश्वबन्धुत्व की भावना के साथ प्राचीन वैदिक ज्ञान एवं नूतन वैज्ञानिक अनुसन्धान के समायोजन से वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करना।
- प्राचीन भारतीय संस्कृति सार्वकालिक, सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों को स्वयं में समाहित किए हुए है, अतः भारतीय संस्कृति व ज्ञान परम्परा को। पुनः प्रतिष्ठा दिलाने एवं भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ, सुयोग्य व चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना।

3.विश्वविद्यालय का लक्ष्य (Mission)

- योग, आयुर्वेद एवं संस्कृत का शिक्षण की मुख्यधारा में प्रतिष्ठापन
- प्राचीन वैदिक ज्ञान का आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकरण
- विज्ञान एवं आध्यात्मिकता के सम्मिश्रण से शान्तिपूर्ण जीवनशैली का मार्गदर्शन
- प्राचीन ज्ञान एवं संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन

4. कार्यक्रम का परिचय B.A. दर्शन

B.A. दर्शनशास्त्र (भारतीय दर्शन) तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय दार्शनिक परंपराओं, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र, अध्यात्म, तुलनात्मक दर्शन एवं आधुनिक जीवन में दर्शन की उपयोगिता का व्यवस्थित ज्ञान प्रदान करना है।

भारतीय दर्शन विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध दार्शनिक परंपराओं में से एक है। यह केवल बौद्धिक चिंतन तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला, दुःख से मुक्ति, आत्मबोध और सामाजिक संतुलन का मार्ग भी प्रस्तुत करता है।

इस कार्यक्रम में न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, पूर्वमीमांसा, वेदान्त, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे विविध दर्शन प्रणालियों का अध्ययन कराया जाएगा। विद्यार्थी यह समझ सकेंगे कि भारतीय ऋषियों ने ज्ञान, आत्मा, ईश्वर, जगत, कर्म और मोक्ष जैसे गूढ़ विषयों पर किस प्रकार गहन चिंतन किया।

यह कार्यक्रम आधुनिक विद्यार्थियों को तर्कशीलता, नैतिकता, आत्मानुशासन और नेतृत्व क्षमता प्रदान करने में सहायक होगा।

5.कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व

वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि सही विचार, नैतिक जीवन और मानसिक संतुलन भी होना चाहिए। दर्शनशास्त्र इन सभी उद्देश्यों की पूर्ति करता है।

भारतीय दर्शन विद्यार्थियों को सिखाता है कि जीवन में समस्याएँ क्यों उत्पन्न होती हैं और उनका समाधान कैसे किया जा सकता है। यह व्यक्ति को विवेक, धैर्य, संयम और आत्मनिरीक्षण की शिक्षा देता है।

सा विद्या या विमुक्तये

अर्थात् वह विद्या ही वास्तविक है जो मनुष्य को बंधनों से मुक्त करे।

आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में भारतीय दर्शन अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह मानसिक शांति, मूल्यपरक जीवन और सामाजिक समरसता का मार्ग प्रस्तुत करता है।

6. कार्यक्रम के शैक्षिक उद्देश्य (Programme Educational Objectives)

शिक्षा सभी को सरलता से उपलब्ध हो सके, दूर दराज के गांवों और नगर से कटे हुए क्षेत्रों तक शिक्षा का विस्तार हो सके, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दूरस्थ शिक्षण कार्य किया जाना आवश्यक हैं। पतंजलि विश्विद्यालय का मुख्य प्रयोजन ODL द्वारा भौगोलिक और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों तक शिक्षा का विस्तार करना है

इस कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- PEO1 - दर्शन के मूलभूत सिद्धान्तों की समझ ।
- PEO2 - तर्कशक्ति का विकास ।
- PEO3 - नैतिक, सामाजिक एवं वैश्विक उत्थान में दर्शन का योगदान ।
- PEO4 - वैदिक एवं वैदिकेतर विचारधाराओं के अन्तर का ज्ञान।
- PEO5 - व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रोत्थान के लिए जिम्मेदारी (Responsibility) एवं स्वामित्व (Ownership) का भाव विकसित करना।
- PEO6 - Philosophy को केवल जानना ही नहीं अपितु जीना।
- PEO7 - वक्तृत्व, नेतृत्व एवं दिव्य Domination का भाव विकसित करना।

7.कार्यक्रम मिशन (Programme Mission)

- • भारतीय दर्शन, वैदिक ज्ञान एवं सांस्कृतिक परम्पराओं पर आधारित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना।
- • विद्यार्थियों में तर्कशील चिंतन, समालोचनात्मक दृष्टि एवं दार्शनिक विश्लेषण क्षमता का विकास करना।
- • नैतिक मूल्यों, आत्मानुशासन, चरित्र निर्माण एवं उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना।
- • शास्त्रीय एवं समकालीन दार्शनिक विचारधाराओं के समन्वित अध्ययन को प्रोत्साहित करना।
- • शोध, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरक शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना।
- • भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक प्रसार में योगदान देना।
- • विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र एवं मानवता के प्रति संवेदनशील, जागरूक एवं नेतृत्वक्षम नागरिक के रूप में विकसित करना।

- • दर्शनशास्त्र के माध्यम से जीवन मूल्यों, मानसिक संतुलन तथा आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना।
- • मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ODL) प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी वर्गों तक सुलभ बनाना।
- • आजीवन अधिगम (Lifelong Learning) की भावना को प्रोत्साहित करते हुए सतत् ज्ञानार्जन के अवसर उपलब्ध कराना।

8.कार्यक्रम परिणाम (Programme Outcomes)

इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थी निम्न योग्यताएँ प्राप्त करेगा:

- PO1 - दार्शनिक धाराओं का तुलनात्मक अध्ययन।
- PO2 - तार्किक विश्लेषण.
- PO3 - प्राचीन (Classical) और अर्वाचीन (Modern) दार्शनिकों का परिचय ।
- PO4 - स्वतन्त्र विचारधारा और आलोचनात्मक चिन्तन
- PO5 - समाज, संस्कृति और धर्म का दार्शनिक दृष्टिकोण ।
- **PO6 -** व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्र निर्माण के लिए सामर्थ्य एवं योगदान ।

9.विश्वविद्यालय मिशन से कार्यक्रम की प्रासंगिकता

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मिशन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनरुत्थान हेतु समर्पित है, और दर्शनशास्त्र उसका प्रमुख आधार है।

दर्शन का अध्ययन विद्यार्थियों को केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उन्हें जीवन के उच्च आदर्शों से भी जोड़ता है। यह कार्यक्रम योग, संस्कृत, वेद एवं भारतीय संस्कृति के अध्ययन को भी समर्थन देता है।

इस प्रकार यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के उस उद्देश्य को पूर्ण करता है जिसमें शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की कल्पना की गई है।

10.लक्षित शिक्षार्थी (Target Learners)

यह कार्यक्रम उन सभी शिक्षार्थियों के लिए उपयोगी है जो भारतीय ज्ञान परंपरा, दर्शन, संस्कृति और मूल्यपरक शिक्षा में रुचि रखते हैं।

विशेष रूप से यह निम्न वर्गों के लिए उपयुक्त है:

- 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी
- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थी
- कार्यरत कर्मचारी
- गृहिणियाँ
- संस्कृत एवं शास्त्र अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थी
- आध्यात्मिक अभिरुचि वाले व्यक्ति
- आजीवन शिक्षार्थी

11.कौशल विकास एवं दक्षता निर्माण

इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में निम्न दक्षताओं का विकास होगा:

- आलोचनात्मक चिंतन (Critical Thinking)
- तार्किक विश्लेषण (Logical Analysis)
- संप्रेषण कौशल (Communication Skills)
- नैतिक निर्णय क्षमता
- लेखन एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- नेतृत्व, वक्तृत्व एवं अतिसूक्ष्म विषयों के बोध की क्षमता
- आत्मअनुशासन एवं आत्मविश्वास

ये कौशल विद्यार्थियों को व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में सफल बनाएँगे।

12.Instructional Design (शिक्षण-अधिगम प्रणाली)

कार्यक्रम को ODL mode के अनुरूप इस प्रकार तैयार किया गया है कि विद्यार्थी घर बैठे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।

अध्ययन सामग्री- विद्यार्थियों को मुद्रित एवं डिजिटल Self Learning Material (SLM) उपलब्ध कराया जाएगा। सामग्री सरल भाषा, उदाहरणों और चित्रों सहित होगी।

ऑनलाइन संसाधन

- Video Lectures
- Live and Recorded Classes
- PPT Notes
- e-Books
- LMS Portal

Academic Support

- Online Doubt Clearing Sessions
- Email Support
- PCP (Personal Contact Programme)
- Faculty Guidance Sessions

इस प्रकार कार्यक्रम स्व-अध्ययन एवं मार्गदर्शित अध्ययन दोनों का संतुलित मॉडल प्रस्तुत करता है।

13.कार्यक्रम संरचना

यह कार्यक्रम तीन वर्ष की अवधि का होगा तथा छह सेमेस्टर में विभाजित रहेगा। प्रत्येक सेमेस्टर में मूल विषय, कौशल आधारित विषय तथा सहायक विषय सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम क्रेडिट आधारित प्रणाली पर आधारित होगा, जिससे विद्यार्थी व्यवस्थित रूप से अध्ययन कर सकें।

Semester I

S. No.	Course Type	Course Code	Course Title	Credit	CA	SEE	Subject Total
1	Discipline Specific Major	BDPHMJ-101	योगदर्शनम्	5	25	75	100
2	Discipline Specific Minor	BDPHMN-102	वैदिकेत्तरदर्शनम्	4	25	75	100
3	Inter Disciplinary	BDPHID-103(1)	संस्कृतसाहित्यम् - I	3	25	75	100
		BDPHID-103(2)	प्राचीन भारत का इतिहास - I (प्रारम्भ से मौर्यकाल तक)				
4	Ability Enhancement	BDPHAE-104	Communicative English Basic	2	15	35	50
5	Skill Enhancement/ Internship	BDPHSE-105(1)	योग चिकित्सा – I	3	25	75	100
		BDPHSE-105(2)	गायन एवं वादन का प्रारम्भिक बोधः				
6	Value Added	BDPHVA-106	सनातन संस्कृति बोध –I	3	25	75	100
				Total - 20			

Semester II

S. No.	Course Type	Course Code	Course Title	Credit	CA	SEE	Subject Total
1	Discipline Specific Major	BDPHMJ-201	न्यायदर्शनम् – I	5	25	75	100
2	Discipline Specific Minor	BDPHMN-202	पाश्चात्यदर्शनम्	4	25	75	100
3	Inter Disciplinary	BDPHID-203(1)	संस्कृतसाहित्यम् – II	3	25	75	100
		BDPHID-203(2)	प्राचीन भारत का इतिहास – II				
4	Ability Enhancement	BDPHAE-204	Advanced Communicative English	2	15	35	50

5	Skill Enhancement/ Internship	BDPHSE-205(1)	योग चिकित्सा – II	3	25	75	100
		BDPHSE-205(2)	गायन एवं वादन का मध्य स्तरीय बोध				
6	Value Added	BDPHVA-206(1)	सनातन संस्कृति बोध – II	3	25	75	100
				Total - 20			

Semester III

S.No.	Course Type	Course Code	Course Title	Credit	CA	SEE	Subject Total
1	Discipline Specific Major-1	BDPHMJ-301	न्यायदर्शनम् – II	4	25	75	100
2	Discipline Specific Major-2	BDPHMJ-302	न्यायदर्शनम् – III	4	25	75	100
3	Discipline Specific Minor	BDPHMN-303	भाषाविज्ञानं मनोविज्ञानं च	4	25	75	100
4	Inter Disciplinary	BDPHID-304(1)	संस्कृतसाहित्यम् – III	3	25	75	50
5		BDPHID-304(2)	स्वर्णकाल का इतिहास				
7	Ability Enhancement	BDPHAE-305	सरल मानक संस्कृतम्	2	15	35	50
8	Skill Enhancement/ Internship	BDPHSE-306(1)	सस्वर वेदपाठ	3	25	75	100
9		BDPHSE-306(2)	यज्ञविज्ञानम्				
				Total - 20			

Semester –IV

S.No.	Course Type	Course Code	Course Title	Credit	CA	SEE	Subject Total
1	Discipline Specific Major-1	BDPHMJ-401	वैशेषिक दर्शनम् – I	5	25	75	100
2	Discipline Specific Major-2	BDPHMJ-402	साङ्ख्यदर्शनम् – I	5	25	75	100
3	Discipline Specific Major-3	BDPHMJ-403	साङ्ख्यदर्शनम् – II	4	25	75	100
4	Discipline Specific Minor-1	BDPHMN-404	संस्कृतव्याकरण	4	25	75	100
5	Ability Enhanceme	BDPHAE-405	Introduction to journalism and	2	15	35	50

	nt		mass communication				
				Total - 20			

Semester -V

S.No.	**Course Type**	**Course Code**	**Course Title**	**Credit**	**CA**	**SEE**	**Subject Total**
1	Discipline Specific Major-1	BDPHMJ-501	वेदान्त दर्शन पूर्वार्ध	4	25	75	100
2	Discipline Specific Major-2	BDPHMJ-502	वेदान्त दर्शन उत्तरार्ध	4	25	75	100
3	Discipline Specific Major-3	BDPHMJ-503	तर्कसंग्रह एवं वैशेषिक दर्शन उत्तरार्ध	4	25	75	100
4	Discipline Specific Minor	BDPHMN-504	वैदिक साहित्य -I	4	25	75	100
5	Internship	BDPHSE-505	योग आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण	4	25	75	100
				Total - 20			

Semester - VI

S.No.	**Course Type**	**Course Code**	**Course Title**	**Credit**	**CA**	**SEE**	**Subject Total**
1	Discipline Specific Major-1	BDPHMJ-601	मीमांसा ज्योतिष्यपरिचयश्च	4	25	75	100
2	Discipline Specific Major-2	BDPHMJ-602	भारतीय दर्शनों की मीमांसा एवं इतिहास	4	25	75	100
3	Discipline Specific Major-3	BDPHMJ-603	सांख्यकारिका	4	25	75	100
4	Discipline Specific Major-4	BDPHMJ-604	बुद्धचरितम्	4	25	75	100
5	Discipline Specific Minor-2	BDPHMN-605	लघु शोध प्रबन्ध	4	25	75	100
				Total - 20			

14.मूल्यांकन प्रणाली

विद्यार्थियों का मूल्यांकन निरंतर एवं अंतिम परीक्षा दोनों के आधार पर किया जाएगा।

Continuous Assessment – 25%

- Assignments

- Internal Test
- Quiz
- Seminar / Presentation

Semester End Examination – 75%

सेमेस्टर के अंत में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न होंगे।

Section	Questions	Marks
A	3/5 Long Answer	45
B	6/7 Short Answer	30
Total		75

इस प्रणाली से विद्यार्थियों की सतत प्रगति एवं विषय ज्ञान दोनों का मूल्यांकन संभव होगा।



15.रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसर

B.A. दर्शनशास्त्र कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थी निम्न क्षेत्रों में अवसर प्राप्त कर सकते हैं:

- M.A. Philosophy
- M.A. Sanskrit

- B.Ed.
- UPSC / State PCS
- UGC NET (higher studies later)
- Teaching Field
- Content Writing
- Spiritual Counselling
- Civil Services
- Research Institutions

16.प्रवेश प्रक्रिया

बी.ए. दर्शनशास्त्र कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्र-केंद्रित बनाया गया है, ताकि विभिन्न पृष्ठभूमि के अभ्यर्थी सहजता से नामांकन कर सकें। यह प्रक्रिया मुख्यतः चार चरणों—ऑनलाइन आवेदन (Online Form), दस्तावेज़ सत्यापन (Document Verification), शुल्क भुगतान (Fee Payment) तथा नामांकन की पुष्टि (Enrollment Confirmation)—में पूर्ण की जाती है।

- प्रथम चरण में अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र (Online Form) को सावधानीपूर्वक भरना होता है। इस प्रपत्र में व्यक्तिगत विवरण (जैसे नाम, जन्मतिथि, संपर्क जानकारी), शैक्षणिक योग्यता, श्रेणी (यदि लागू हो) तथा वांछित कार्यक्रम का चयन करना होता है। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी प्रविष्टियाँ सही एवं प्रमाणिक हों, क्योंकि आगे की प्रक्रिया इन्हीं सूचनाओं के आधार पर संचालित होती है। साथ ही, आवश्यक दस्तावेज़ों की स्कैन प्रति भी अपलोड करनी होती है।
- द्वितीय चरण में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों का सत्यापन (Document Verification) किया जाता है। इसमें अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता (जैसे 12वीं की अंकतालिका), पहचान प्रमाण, जन्मतिथि प्रमाण तथा अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों की जांच की जाती है। यह सत्यापन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से अथवा आवश्यकता अनुसार ऑफलाइन भी की जा सकती है। सत्यापन का उद्देश्य अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जानकारी की प्रामाणिकता सुनिश्चित करना होता है, जिससे प्रवेश प्रक्रिया निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनी रहे।
- तृतीय चरण में अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क (Fee Payment) का भुगतान करना होता है। विश्वविद्यालय विभिन्न डिजिटल माध्यमों—जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या अन्य ऑनलाइन

भुगतान प्रणालियों—के माध्यम से शुल्क जमा करने की सुविधा प्रदान करता है। शुल्क का भुगतान निर्धारित समय-सीमा के भीतर करना अनिवार्य होता है, अन्यथा आवेदन निरस्त हो सकता है। भुगतान के पश्चात अभ्यर्थी को रसीद (Payment Receipt) प्राप्त होती है, जिसे भविष्य के संदर्भ हेतु सुरक्षित रखना आवश्यक है।

- चतुर्थ एवं अंतिम चरण में विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन की पुष्टि (Enrollment Confirmation) की जाती है। सभी औपचारिकताओं के पूर्ण होने तथा शुल्क के सफल सत्यापन के उपरांत अभ्यर्थी को औपचारिक रूप से कार्यक्रम में प्रवेश प्रदान कर दिया जाता है। इसके साथ ही, अभ्यर्थी को नामांकन संख्या (Enrollment Number) एवं लॉगिन विवरण (Login Credentials) प्रदान किए जाते हैं, जिनके माध्यम से वह लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) पर अध्ययन सामग्री, कक्षाएँ, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग कर सकता है।
- इस प्रकार, यह सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध प्रवेश प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए सहज, सुरक्षित एवं पारदर्शी अनुभव सुनिश्चित करती है तथा उन्हें बिना किसी बाधा के अपने शैक्षणिक सफर की सफल शुरुआत करने में सहायक सिद्ध होती है।

17. शुल्क संरचना (Indicative)

मद	राशि (₹)
Registration Fee	1000
Tuition Per Semester	8000
Other Fee	7000
First Semester	1600
Full Course Approx	56000

18.गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली

विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निम्न व्यवस्थाएँ करेगा:

- UGC-DEB मानकों के अनुसार पाठ्यक्रम निर्माण
- विशेषज्ञ समिति द्वारा समय-समय पर पाठ्यक्रम संशोधन
- Faculty Development Programmes
- Student Feedback System
- Academic Audit
- PCP Quality Review

19.शैक्षणिक संसाधन (Faculty Resources)

बी.ए. दर्शनशास्त्र कार्यक्रम उच्च कोटि के विद्वान एवं अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में संचालित होता है, जो भारतीय दर्शन (विशेषतः वेदान्त, न्याय, मीमांसा, बौद्ध एवं जैन दर्शन), पाश्चात्य दर्शन, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र तथा तत्त्वमीमांसा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट दक्षता रखते हैं। ये प्राध्यापक केवल सैद्धान्तिक ज्ञान तक सीमित न रहकर, दार्शनिक चिंतन की जीवंत परम्परा को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करते हैं, जिससे विद्यार्थी गहन विश्लेषण, तार्किकता एवं समालोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकें।

कार्यक्रम में ग्रंथ-केंद्रित अध्ययन (Textual Study Approach) को विशेष महत्व दिया जाता है, जिसके अंतर्गत मूल संस्कृत ग्रंथों एवं उनके भाष्यों का अध्ययन कराया जाता है। साथ ही, छात्रों को दार्शनिक तर्क-

वितर्क (Dialectical Method), विमर्श (Debate), एवं आलोचनात्मक लेखन (Critical Writing) के माध्यम से सक्रिय अधिगम (Active Learning) के लिए प्रेरित किया जाता है।

प्रत्येक विद्यार्थी को अनुभवी मेंटर द्वारा व्यक्तिगत शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, जिससे वे शोध-प्रवृत्ति, स्वतंत्र चिंतन एवं विषय की गहराई को आत्मसात कर सकें। शोध परियोजनाओं, असाइनमेंट्स एवं प्रस्तुतीकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को अकादमिक लेखन एवं अनुसंधान पद्धति का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाता है। यह समग्र शैक्षणिक ढांचा विद्यार्थियों को शिक्षण, अनुसंधान, सिविल सेवा, लेखन तथा बहुविषयक (interdisciplinary) क्षेत्रों में उत्कृष्ट करियर हेतु सक्षम बनाता है।

20.अवसंरचना सहयोग (Infrastructure Support)

पतंजलि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई सुदृढ़ एवं आधुनिक अवसंरचना, ओपन एवं डिस्टेंस लर्निंग (ODL) प्रणाली के अंतर्गत दर्शनशास्त्र के अध्ययन को अत्यंत प्रभावी एवं सुलभ बनाती है। विश्वविद्यालय का डिजिटल शिक्षण पारितंत्र (Digital Learning Ecosystem) विद्यार्थियों को स्थान एवं समय की सीमाओं से परे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है।

इस अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो व्याख्यान, ई-पुस्तकें, प्राचीन एवं आधुनिक दार्शनिक ग्रंथ, इंटरैक्टिव अध्ययन सामग्री तथा स्व-मूल्यांकन (Self-assessment) उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे विद्यार्थी अपनी गति से गहन अध्ययन कर सकते हैं। लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) के माध्यम से पाठ्यक्रम संचालन, असाइनमेंट सबमिशन, ऑनलाइन परीक्षा एवं प्राध्यापकों के साथ संवाद सुचारु रूप से संचालित होता है।

दार्शनिक विमर्श को सशक्त बनाने हेतु नियमित रूप से ऑनलाइन संगोष्ठियाँ, वेबिनार, एवं विचार-चर्चा सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिनमें समकालीन विषयों तथा शास्त्रीय सिद्धांतों पर गहन चर्चा होती है। यह विद्यार्थियों में संवादात्मक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करता है।

विश्वविद्यालय का डिजिटल पुस्तकालय (Digital Library) दर्शनशास्त्र से संबंधित प्राचीन शास्त्रों, टीकाओं, शोध-पत्रों, जर्नल्स एवं संदर्भ पुस्तकों का विशाल भंडार उपलब्ध कराता है, जो उच्च स्तरीय अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी है।

यह समेकित एवं उन्नत अवसंरचना सुनिश्चित करती है कि विद्यार्थी केवल सैद्धान्तिक ज्ञान तक सीमित न रहकर, गहन चिंतन, तार्किक विश्लेषण एवं अनुसंधान कौशल में भी दक्षता प्राप्त करें, जिससे वे वैश्विक परिप्रेक्ष्य में प्रतिस्पर्धी एवं सक्षम बन सकें।

21.प्रयोगशाला सहयोग एवं पुस्तकालय संसाधनों की आवश्यकता

प्रस्तुत पाठ्यक्रम की प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए पृथक प्रयोगशाला की आवश्यकता नहीं है। तथापि, अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक समृद्ध डिजिटल पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस डिजिटल पुस्तकालय के माध्यम से शिक्षार्थियों को विविध शैक्षणिक संसाधनों, शोध-पत्रों, संदर्भ ग्रंथों तथा अन्य प्रासंगिक अध्ययन सामग्रियों तक व्यापक पहुँच प्राप्त होती है। यह व्यवस्था सतत अधिगम एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में सहायक सिद्ध होती है।

22.कार्यक्रम की लागत का अनुमान एवं प्रावधान

कार्यक्रम के अभिकल्पन, विकास, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण से संबंधित समस्त व्यय का वहन विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक बजट सत्र में स्वीकृत प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। इस हेतु आवश्यक वित्तीय संसाधनों का आवंटन विश्वविद्यालय की निर्धारित वित्तीय नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

॥ ओ३म् ॥

बी.ए. दर्शन

पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार

Semester-I

CREDIT: -05
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

BDPHMJ-101

योगदर्शनम्

उद्देश्यः-

- योग एवं योग से सम्बन्धित भाष्य वार्तिक व टीकाओं से परिचय करवाना।
- पातञ्जल योगसूत्र के चारों पादों के सूत्रार्थ एवं व्याख्या से अवगत कराना।
- योग सूत्रों को कण्ठस्थ कराना।
- योगदर्शन में वर्णित 'अष्टांग योग' के पालन से जीवन को पवित्र व चरित्रवान् बनाना।

खण्ड-1 महर्षि पतंजलि जी का जीवन परिचय एवं योगदर्शन का सामान्य परिचय तथा चित्त की भूमियाँ

इकाई- 1.1 योग शब्द की व्युत्पत्ति

इकाई- 1.2 योग दर्शन का रचना काल एवं महर्षि पतंजलि जी का संक्षिप्त परिचय

इकाई- 1.3 योग का स्वरुप

इकाई- 1.4 चित्त की भूमियाँ या स्थितियाँ

खण्ड-2 समाधिपाद

इकाई- 2.1 चित्त की वृत्तियाँ

इकाई- 2.2 चित्त वृत्ति निरोध का उपाय (अभ्यास-वैराग्य)

इकाई- 2.3 समाधि और समाधि के प्रकार

इकाई- 2.4 ईश्वर का स्वरुप

इकाई- 2.5 चित्त की प्रसन्नता एवं एकाग्रता के उपाय

खण्ड-3 साधनपाद

इकाई- 3.1 क्रिया योग एवं क्रिया योग का फल

इकाई- 3.2 पञ्च क्लेश तथा अविद्या क्लेशों की जननी

इकाई- 3.3 दृश्य एवं दृष्टा का स्वरुप

इकाई- 3.4 अष्टांग योग का वर्णन

खण्ड-4 विभूतिपाद

इकाई- 4.1 ध्यान, धारणा और समाधि का स्वरुप

इकाई- 4.2 संयम का स्वरूप और संयम का फल

इकाई- 4.3 अन्तरंग और बाह्य-अंग योग का स्वरुप

इकाई- 4.4 विभूतियों का संक्षिप्त परिचय

इकाई- 4.5 क्षण और उसके क्रम में में संयम का फल विवेकज ज्ञान

खण्ड-5 कैवल्यपाद

इकाई- 5.1 सिद्धियों के प्रकार

इकाई- 5.2 कर्मो के प्रकार

इकाई- 5.3 धर्ममेघ समाधि का स्वरुप

इकाई- 5.4 प्रतिप्रसव या कैवल्य योग

परिणामः-

- योग एवं योग से सम्बन्धित भाष्य, वार्तिक एवं टीकाओं का विशेष ज्ञान होगा।
- योगदर्शन के चारों पादों के सूत्रार्थ एवं भावार्थ की स्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी।
- योगसूत्र शुद्ध उच्चारणपूर्वक कण्ठस्थ होगा।
- अष्टांग योग को आत्मसात् करके पवित्रता व दिव्यता से युक्त होकर दिव्य चरित्र व व्यक्तित्व वाला बन जाता है।

निर्धारित पाठ्यपुस्तक- योगदर्शन- स्वामी योगर्षि रामदेव, दिव्य प्रकाशन, हरिद्वार।

पातञ्जलयोगदर्शनम् - डॉ. आचार्या साध्वी देवप्रिया, दिव्य प्रकाशन, हरिद्वार।

पातञ्जलयोगदर्शनम् - हरिहरानन्द आरण्य, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।

BDPHMN-102

CREDIT: -04
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

............दर्शन

उद्देश्य-

- चार्वाक दर्शन की दार्शनिक अवधारणाओं का परिचय कराना।
- जैन दर्शन की आधारभूत अवधारणाओं का परिचय कराना एवं इसके विभिन्न सम्प्रदायों का परिचय कराना।
- बौद्ध दर्शन के मूल सिद्धान्तों से अवगत कराना एवं इसके प्रमुख सम्प्रदायों (शून्यवाद, विज्ञानवाद, वैभाषिक, सौत्रान्तिक)का परिचय कराना।

खण्ड-1 चार्वाक दर्शन

इकाई-1.1 प्रर्वतक, ज्ञान मीमांसा, जगत सम्बन्धी विचार,

इकाई-1.2 आत्म सम्बन्धी विचार, ईश्वर सम्बन्धी विचार,

इकाई-1.3 पुनर्जन्म, स्वर्ग, नरक आदि सम्बन्धी विचार, आचार मीमांसा,

इकाई-1.4 चार्वाक का योगदान, चार्वाक दर्शन की समीक्षा।

खण्ड-2 जैन दर्शन

इकाई-2.1 प्रवर्तक, अर्थ एवं नामकरण, जैन साहित्य,

इकाई-2.2 तत्व मीमांसा, अनेकान्तवाद, सत् का स्वरूप,

इकाई-3.3 ज्ञान मीमांसा, स्याद्वाद, कर्म सम्बन्धी विचार,

इकाई-3.4 महाव्रत, त्रिरत्न, बंधन एवं मोक्ष, जैन दर्शन की समीक्षा।

खण्ड-3 बौद्ध दर्शन

इकाई-3.1 चार आर्य सत्य,

इकाई-3.2 सम्यक समाधि,

इकाई-3.3 कारणता सम्बन्धी सिद्धान्त अथवा प्रतीत्यसमुत्पाद,

इकाई-3.4 अनात्मवाद, सत् सम्बन्धी विचार अथवा क्षणिकवाद,

खण्ड-4 बौद्ध सम्प्रदाय

इकाई-4.1 नर्वाण का स्वरूप,

इकाई-4.2 अव्यक्तानि,

इकाई-4.3 अपोहवाद,

इकाई-4.4 बौद्ध मत के सम्प्रदाय।

परिणाम–

- वैदिक दर्शन से भिन्न भारतीय दार्शनिक सिद्धान्तों से विद्यार्थियों का परिचय होगा
- आस्तिकता, नास्तिकता, आत्मा एवं सृष्टि प्रक्रिया समझने के लिए अन्य भारतीय दार्शनिक सिद्धान्तों की तुलनात्मक जानकारी प्राप्त होगी।
- भारतीय दर्शनों की सम्पूर्ण अवधारणाओं एवं सिद्धान्तों को विस्तारपूर्वक समझने का अवसर प्राप्त होगा।

निर्धारित पाठ्यपुस्तक– सर्वदर्शन संग्रह, प्रो. उमाशंकर शर्मा (ऋषि) प्रकाशक–चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी।

BDPHID-103 (1)

संस्कृतसाहित्यम्-I

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

उद्देश्य-

1. संस्कृत व्याकरण का आधारभूत ज्ञान प्रदान कराना।
2. वर्णोच्चारण शिक्षा का बोध कराना। 3. संज्ञाओं व सन्धि प्रकरण से परिचित कराना।
4. पद्यात्मक काव्यों की अध्ययनशैली से अवगत कराना।

खण्ड-1 : शिक्षाप्रकरणं (पाणिनीय शिक्षा) संज्ञाप्रकरणञ्च

इकाई-1.1 वर्णों के स्वरूप, स्थान (अकुहविसर्जनीयाः कण्ठ्याः इत्यादयः) व प्रयत्न (स्पृष्टकरणा स्पर्शाः इत्यादयः) ।

इकाई-1.2 प्रत्याहार सूत्रों का परिचय एवं प्रत्याहार निर्माण विधि।

इकाई-1.3 विविध संज्ञाओं का ज्ञान (वृद्धिरादैच्, अदेङ्गुण इत्यादयः) ।

खण्ड-2 : सन्धिप्रकरणमजन्तपुल्लिङ्गप्रकरणञ्च

इकाई-2.1 अच् सन्धि - इको यणचि, एचोऽयवायावः, आद्गुणः, अकः सवर्णे दीर्घः, अमि पूर्वः, एङि पररूपम्, ऋत् उत्, ङसिङसोश्च, इत्यादयः।

इकाई-2.2 हल् सन्धि - खरि च, ष्टुनाष्टुः, स्तोःश्चुना श्चुः, हलो यमां यमि लोपः, झरो झरि सवर्णे, अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः इत्यादयः।

इकाई-2.3 अथ विसर्गसन्धि-(विसर्जनीयस्य सः इत्यादयः) (4) अजन्तपुल्लिङ्गप्रकरणम्

खण्ड-3 : अजन्तस्त्रीलिङ्गनपुंसकलिङ्गप्रकरणं हलन्तपुल्लिङ्ग प्रकरणञ्च।

इकाई-3.1 अजन्तस्त्रीलिङ्गप्रकरणम्

इकाई-3.2 अजन्तनपुंसकलिङ्गप्रकरणम्

इकाई-3.3 हलन्तपुल्लिङ्गप्रकरणम्

खण्ड-4 : भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म वृतांत एवं बाल लीलाएँ ।

इकाई-4.1 मथुरा में कंस के कारावास में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म ।

इकाई-4.2 वसुदेव जी द्वारा गोकुल जाकर नन्दगोप जी को श्रीकृष्ण को सौंपना ।

इकाई-4.3 बाल्यावस्था में अनेक राक्षसों का वध करना जैसे- पूतना, केशी, अरिष्टर्षभ आदि।

परिणाम-

1. संस्कृत व्याकरण के आधारभूत ज्ञान से शब्दों की वैज्ञानिक पद्धति से परिचित हो जाता है।
2. वर्णोच्चारण शिक्षा, सन्धि व संज्ञाओं के बोध से वर्णो एवं शब्दों के शुद्धतापूर्वक उच्चारण व उत्कृष्ट संस्कृत संभाषण करने व कराने में समर्थ हो जाता है।
3. काव्यात्मक शैली के परिचय से नाटकों के लेखन एवं मंचन में व्यावसायात्मक दृष्टि से सक्षम हो जाते हैं।

BDPHID-103(2)

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

प्राचीन भारत का इतिहास-1

पाठ्यक्रम के उद्देश्यः-

इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मौर्य काल तक की ऐतिहासिक प्रक्रियाओं को समझना है। जिसमें इतिहास की प्रामाणिकता को सिद्ध करने के साथ ही विश्व की प्रथम नगरीकरण भारतीय सभ्यता, महान वेदों की परम्परा का ज्ञान तथा महान मौर्यों की विरासत के स्वर्णिम इतिहास से अवगत कराना है।

खण्ड-1 भारतीय इतिहास को जानने के स्रोत

इकाई-1.1 इतिहास में स्रोतों का महत्व

इकाई-1.2 साहित्यिक स्रोत

इकाई-1.3 पुरातात्विक स्रोत

इकाई-1.4 विदेशी यात्रियों का विवरण

खण्ड-2 सैंधव सभ्यता उत्पत्ति एवं विकास

इकाई-2.1 सैंधव सभ्यता का परिचय

इकाई-2.2 सैंधव सभ्यता की नगर योजना

इकाई-2.3 सैंधव सभ्यता की सामाजिक, आर्थिक एवं धाार्मिक व्यवस्था

इकाई-2.4 सैंधव सभ्यता की कला

खण्ड-3 वैदिक सभ्यता

इकाई-3.1 वैदिक काल का परिचय

इकाई-3.2 ऋग्वैदिक कालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं धार्मिक परम्पराएं

इकाई-3.3 उत्तरवैदिक कालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं धार्मिक परम्पराएं

इकाई-3.4 उपनिषदीय धर्म एवं विभिन्न शिक्षाएं

खण्ड-4 छठीं शताब्दि ई.पू. से मौर्य काल तक का राजनीति इतिहास

इकाई–4.1 हर्यक वंश

इकाई–4.2 नन्द वंश

इकाई–4.3 मौर्य काल– मौर्य वंश का परिचय, चन्द्रगुप्त एवं बिन्दुसार

इकाई–4.4 सम्राट अशोक

परिणाम–

- इतिहास की वास्तविक अवधारणा के प्रति दृष्टिकोण की समझ विकसित करने में।
- भारतीय सभ्यता अर्थात सैंधव सभ्यता के विशिष्ट सोपानों के महत्व को जानने में।
- वेदों की महानता से युवा पीढ़ी को परिचय कराना।
- मौर्य साम्राज्य की महानता को स्थापित करने में।

पाठ्य पुस्तक– शर्मा, एल. पी.: प्राचीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, 2022 उपेन्द्र सिंहः प्राचीन और पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास पााण काल से 12 वीं शताब्दि ई0 दिल्ली 2016.

BDPHAE-104

CREDIT: -02
CA: 15
SEE: 35
MM: 50

ENGLISH COMMUNICATION SKILLS

Block 1: Fundamentals of English language

Unit 1: Basics of Grammar

Unit 2: Vocabulary Building

Unit 3: Pronunciation and Phonetics

Unit 4: Everyday Expressions

Block 2: Reading and Listening Skills

Unit 1: Reading Comprehension

Unit 2: Summarizing and Paraphrasing

Unit 3: Active Listening

Unit 4: Note-Taking Strategies

Block 3: Speaking Skills

Unit 1: Introduction to Speaking

Unit 2: Speaking for social interaction

Unit 3: Descriptive and Narrative Speaking

Unit 4: Oral Presentation

Block 4: Writing Skills

Unit 1: Paragraph Writing

Unit 2: Letter Writing

Unit 3: Email Writing

Unit 4: Article Writing

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

(BDPHSE-105(1)

योगचिकित्सा-1

उद्देश्यः

- भारतीय पुरातन चिकित्सा पद्धति के समन्वित् स्वरूप का बोध कराना ।
- समन्वित चिकित्सा पद्धति के व्यावहारिक एवं प्रयोगात्मक अभ्यास द्वारा साध्य एवं असाध्य रोगों का निदान।
- योग, आयुर्वेद, पञ्चकर्म, षट्कर्म, नेचुरोपैथी, आहार चिकित्सा, यज्ञचिकित्सा, एक्यूपंचर, एक्यूप्रेशर एवं फिजियो थैरेपी जैसे समन्वित् भारतीय पुरातन चिकित्सा पद्धतियों के सैद्धांन्तिक एवं प्रयोगात्मक बोधा द्वारा योग्य एवं प्रशिक्षित -व्यक्तित्व का निर्माण करना।

खण्ड-1 मानव शरीर विज्ञान

इकाई-1.1 मानव शरीर परिचय,

इकाई-1.2 श्वसन तंत्र, शरीर संरचना विज्ञान एवं क्रिया विज्ञान की अवधाारणा,
श्वसन तंत्र पर योगिक प्रभाव (आसन, प्राणायाम, षट्कर्म, मुद्रा, बंध, औषधि)

इकाई-1.3 पाचन तंत्र- पाचन तंत्र की अवधारणा, पाचन तंत्र पर योगिक प्रभाव (आसन
प्राणायाम षट्कर्म, मुद्रा, बंध, औषधि)

इकाई-1.4 तंत्रिका तंत्र- तंत्रिका तंत्र की अवधारणा, तंत्रिका तंत्र पर योगिक प्रभाव
(आसन प्राणायाम षट्कर्म, मुद्रा, बंध, औषधि)

खण्ड-2 योग एवं स्वास्थ्य का समग्र स्वरूप

इकाई-2.1 योग एवं स्वास्थ्य का अर्थ, स्वरूप एवं प्रयोजन,
योग की प्रमुख धारायें, योग से व्याधि निरोग के उपाय।

इकाई-2.2 मुख्य प्राणायाम एवं रोगानुसार प्राणायाम विधियॉ।

इकाई-2.3 व्याधि के अनुसार आहार, औषधि एवं योगाभ्यास।

इकाई-2.4 मोटापा, मेरुदंड एवं विद्यार्थी व युवाओं के लिए योगाभ्यास व प्राणायाम

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

खण्ड–3 आयुर्वेद के आधारभूत तत्व

इकाई–3.1 त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) के गुण, लक्षण, कारण एवं उपचार एवं आहार।

इकाई–3.2 त्रिउपस्तंभ–आहार, निद्रा, ब्रह्मचर्य

इकाई–3.3 स्वस्थवृत्त (दिनचर्या एवं रात्रिचर्या)

इकाई–3.4 त्रिदण्डवत्–शरीर, मन, आत्मा

खण्ड–4 प्राथमिक चिकित्सा विधि

इकाई–4.1 सामान्य परिचय , हड्डी का टूटना व मोच का उपचार श्वसन व हृदय संकट ,रक्त स्त्राव का उपचार ।

इकाई–4.2 विशेष आपातकालीन स्थितियॉ–नशे की स्थिति, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए प्राथमिक चिकित्सा।

इकाई–4.3 रसोई घर में प्रयोग होने वाली मुख्य औषधि, एवं मसाले का प्रयोग ।

इकाई–4.4 प्राथमिक घरेलू उपचार।

परिणाम–

समन्वित चिकित्सा पद्धति में प्रशिक्षित विद्यार्थी समाज में साध्य–असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को उपचार देकर उन्हें सम्पूर्ण आरोग्य का लाभ प्रदान करता है एवं भारतीय पुरातन चिकित्सा व्यवस्था के प्रचार प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है।

सेवा निष्ठा आजीविका का आलम्बन लेकर स्वयं आत्मनिर्भर होता हुआ अन्यों को भी रोजगार परक सेवा क्षेत्र में नियोजित करता है, उपकार परख उपचार की एक स्वस्थ परम्परा का संवाहक बनकर समाज को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के मार्ग पर अग्रसर करता है।

सहायक ग्रन्थः– उपचार पद्धति, आचार्य बालकृष्ण, दिव्य प्रकाशन पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द ग्राम, दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग–58 निकट– बहादराबाद, हरिद्वार– 249405 (उत्तराखण्ड)

आयुर्वेद सिद्धान्त रहस्य, आचार्य बालकृष्ण, दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग–58 निकट– बहादराबाद, हरिद्वार– 249405 (उत्तराखण्ड)

मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान, प्रो. (डॉ.) अनन्त प्राश गुप्ता, प्रकाशक–सुमित प्रकाशन (आगरा,दल्ली)।

BDPHSE-105 (2)
गायन एवं वादन का प्रारम्भिक बोध

उद्देश्यः-

- संगीत की मूलभूत जानकारी प्रदान करना। भारतीय संगीत की परंपरा और विकास से परिचित कराना।
- धवनि, नाद, स्वर, ताल व राग की समझ विकसित करना। उत्तर दक्षिण भारतीय संगीत की विशेषताओं को समझाना।
- ताल वाद्य और उसकी संरचना का ज्ञान देना। अलंकार और अभ्यासों द्वारा गायन क्षमता बढ़ाना।
- स्वर में नियंत्रण लाना, संगीत में योग के माधयम से एकाग्रता, अनुशासन व रचनात्मकता को बढ़ावा देना

खण्ड-1 संगीत का सांक्षिप्त इतिहास सैद्धान्तिक

इकाई-1.1 संगीत परिचय एवं परिभाषा
इकाई-1.2 संगीत की उत्पत्ति प्रकार
इकाई-1.3 उत्तर एवं दक्षिण भारतीय संगीत
इकाई-1.4 मार्गी एवं देज़ी संगीत

खण्ड-2 संगीत शास्त्र, पारिभाषिक शब्द

इकाई-2.1 धवनि, धवनि की उत्पत्ति, नाद, प्रकार
इकाई-2.2 अलंकार एवं स्वर प्रकार
इकाई-2.3 श्रुति, सप्तक
इकाई-2.4 पाँच श्लोक (राग-ताल परिचय)

खण्ड-3 ताल, वाद्य परिचय क्रियात्मक

इकाई-3.1 वाद्यों के प्रकार
इकाई-3.2 मात्र, लय, सम, विभाग, ठेका, ताली खाली
इकाई-3.3 तीनताल परिचय एवं ठाह की लय
इकाई-3.4 12 स्वर सप्तक एवं 5 स्वस्तिवाचन्मंत्र

खण्ड-4 संगीत, योग और धयान

इकाई-4.1 ओउम् का स्थान एवं खरज साधाना
इकाई-4.2 सासों का अभ्यास (आवाज बनाने हेतु)
इकाई-4.3 1 से 5 अलंकार (क्रमिक पु.म.भाग-1)
इकाई-4.4 प्राथमिक संगीत धयान

परिणम :-

- विद्यार्थी संगीत की मूल परिभाषा व इतिहास को समझ सकेंगे। उत्तर व दक्षिण भारतीय संगीत के मुख्य अतंर व विशेषताओं को पहचान सकेंगे। खरज साधाना व साँसों के अभ्यास से स्वर नियंत्रण बेहतर होगा।

- संगीत और धयान के अभ्यास से एकाग्रता व मानसिक संतुलन में वृद्धि होगी। प्राथमिक गायन अभ्यास (अलंकार) द्वारा गायन की बुनियादी क्षमता विकसित होगी।

CREDIT: -03
CA: 35
SEE: 75
MM: 100

(BDPHVA-106(1)
सनातन सस्कृति बोध-१

उद्देश्य-

- **ऋग्वेद एवं यजुर्वेद के चयनित सूक्त एवं मन्त्रों से अवगत कराना।**
- वैदिक षड्दर्शनों का सामान्य परिचयात्मक ज्ञान कराना।
- गीता एवं उपनिषद् के प्रसिद्ध प्रसंगों का बोध कराना।
- भारतीय नीति ग्रन्थों एवं षोडश संस्कारों से अवगत कराना।

खण्ड-1 ऋग्वेद एवं यजुर्वेद के चयनित मन्त्र

इकाई-1.1 वेद का अर्थ, परिचय, वेदों के प्रतिपाद्य विषय

इकाई-1.2 **ऋग्वेद के प्रमुख सूक्त (अग्नि, श्रद्धा, संगठन)**

इकाई-1.3 **ऋग्वेद के प्रमुख सूक्त (पुरूष , नासदीय)**

इकाई-1.4 यजुर्वेद के प्रमुख मन्त्रों के अर्थ

खण्ड-2 वैदिक षड्दर्शनों का सामान्य परिचय

इकाई-2.1 योगदर्शन के चयनित सूत्रों का परिचय

इकाई-2.2 सांख्यदर्शन के चयनित सूत्र का परिचय

इकाई-2.3 न्याय एव वैशेषिक दर्शनों के चयनित सूत्र

इकाई-2.4 वेदान्त एवं मीमांसा दर्शन के चयनित सूत्र

खण्ड-3 श्रीमद्भगवद्गीता एवं उपनिषद् परिचय

इकाई-3.1 गीता-योग की परिभाषा, स्थितप्रज्ञता, साधना की विधि आदि

इकाई-3.2 दैवासुर सम्पद् ,तीन प्रकार के (तप, सुख, कर्ता, आहार)

इकाई-3.3 उपनिषद् - ईशोपनिषद् के मन्त्रों की व्याख्या

इकाई-3.4 केनोपनिषद एवं कठोपनिषद् के चयनित मन्त्रों की व्याख्या

खण्ड-4 सोलह संस्कार एवं नीतिग्रन्थों का परिचय

इकाई-4.1 सोलह संस्कार- गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तो., जातकर्म, नामकरण

इकाई-4.2 निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, उपनयन

इकाई-4.3 वेदारम्भ, समावर्तन, विवाह , वानप्रस्थ, संन्यास, अन्त्येष्टि ।

इकाई–4.4 चाणक्य नीति, विदूर नीति, भर्तृहरि के चयनित श्लोक ।

CREDIT: -05
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

परिणाम :-

- वेद के कतिपय प्रसिद्ध सूक्त एवं मन्त्रों का शुद्धतापूर्वक वाचन एवं व्याख्यान करने में विद्यार्थी समर्थ हो जाता है।
- वैदिक षड्दर्शनों के सिद्धान्तों के तुलनात्मक विश्लेषण में दक्ष हो जाता है।
- गीता एवं उपनिषद् के उपर्युक्त चयनित प्रसंगों का अधिगम होगा।
- नीति–शास्त्रों एवं षोडश संस्कारों का विशद् ज्ञान अर्जित होगा।

सहायक ग्रन्थः-

1. सनतन संस्कृति के श्रेष्ठ जीवन मूल्य, डॉ. साध्वी देवप्रिया, दिव्य प्रकाशन पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द ग्राम, दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग–58 निकट– बहादराबाद, हरिद्वार– 249405 (उत्तराखण्ड)
2. वेदामृत– डॉ. साध्वी देवप्रिया, दिव्य प्रकाशन पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द ग्राम, दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग–58 निकट– बहादराबाद, हरिद्वार– 249405 (उत्तराखण्ड)।

Semester-II

CREDIT: -04
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

BDPHMJ-201
(प्रथम एवं द्वितीय अध्याय)

उद्देश्यः-

- न्याय के ऐतिहासिक एवं पौराणिक तथ्यों से अवगत कराना।
- न्याय के सम्बन्धित भाष्य, वार्तिक एवं विभिन्न टीकाओं से परिचय करवाना।
- प्रथम दो अध्यायों के सूत्रों के सूत्रार्थ एवं व्याख्या को स्पष्ट कराना तथा साथ ही सूत्रों को कण्ठस्थ कराना।
- न्यायदर्शन के अध्ययन से बुद्धि को सूक्ष्म व स्थिर बनाकर अत्यंत जटिल समस्याओं का भी समाधान करवाना।

खण्ड-1 प्रमाण से निर्णय पर्यन्त तत्वों का उद्देश एवं लक्षण- प्रमाण व प्रमेय का स्वरूप, संशय एवं प्रयोजन, दृष्टान्त और सिद्धान्त, अवयव, तर्क तथा निर्णय।

खण्ड-2 कथा, हेत्वाभास, छल, जाति एवं निग्रहस्थान का स्वरूप एवं प्रभेद- वाद, जल्प एवं वितण डा का स्वरूप, हेत्वाभास का लक्षण एवं प्रभेद, छल का स्वरूप एवं प्रकार, जाति एवं निग्रहस्थान का स्वरूप।

खण्ड-3 सभी प्रमाणों की परीक्षा एवं वेद का प्रामाण्य- प्रमाण सामान्य परीक्षा, प्रत्यक्ष प्रमाण परीक्षा, अनुमान प्रमाण परीक्षा, उपमान प्रमाण परीक्षा, शब्द प्रमाण परीक्षा एवं वेद का प्रामाण्य।

खण्ड-4 प्रमाण का चतुष्ट्वत्व एवं शब्द का अनित्यत्व- प्रमाण का चतुष्ट्वत्व, शब्द का अनित्यत्व।

परिणामः-

- न्याय के षोडश पदार्थो के उद्देश्य एवं लक्षण का बोध कर लेता है।
- चतुर्विध प्रमाणों के विस्तृत विवेचन करने में कुशल हो जाता है।
- उपरोक्त सूत्रों का कण्ठस्थ कर लेता है।
- बुद्धि के सूक्ष्म व स्थिर बनने से अत्यंत जटिल समस्याओं का समाधान करने में समर्थ हो जाता है।

निर्धारित पाठ्यपुस्तक- न्यायदर्शन, आचार्य उदयवीर शास्त्री ,
प्रकाशक-विजयकुमार, गोविन्दराम हासानन्द, 4408, नई सड़क, दिल्ली- 110006
एवं न्यायदर्शनम्, प्रकाशक-दिव्य प्रकाशन, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार।

पाश्चात्य दर्शन

पाठ्यक्रम के उद्देश्य :-

1. विद्यार्थियों को ग्रीक दर्शन के विभिन्न सम्प्रदायों का ज्ञान कराना।
2. प्राचीन पाश्चात्य दार्शनिकों के वैचारिक मत एवं सिद्धान्तों को जानना।
3. बुद्धिवादी, अनुभववादी एवं समीक्षात्मक दर्शन का तुलनात्मक परिचय व ज्ञान मीमांसीय, तत्व मीमांसीय एवं आचार मीमांसीय बोध कराना।
4. पाश्चात्य दर्शन के इतिहास को भलीभांति जानना।

खण्ड-1 सुकरात पूर्व के दार्शनिक

इकाई-1.1 थेल्स, एनेक्जीमेंडर, एनेक्जिमेनीज, पाइथागोरस, हेरेक्लाइट्स, पाइथागोरस, हेरेक्लाइट्स, पार्मेनीडिज, सॉफिस्ट प्रोटेगोरस, जॉर्जियस

इकाई-1.2 सुकरात- दार्शनिक पद्धति, सद्गुण,

इकाई-1.3 लेटा- प्रत्यय, ज्ञानमीमांसा, आत्मा की अमरता

इकाई-1.4 अरस्तु- द्रव्य एवं स्वरूप, कारणता का सिद्धान्त,

खण्ड-2 आधुनिक दर्शन (बुद्धिवाद)

इकाई-2.1 रेने देकार्त- द्रव्य विचार, आत्मा का विचार, क्रिया-प्रतिक्रियावाद

इकाई-2.2 स्पिनोजा- द्रव्य विचार, सर्वेश्वरवाद, समानान्तरवाद

इकाई-2.3 लाईब्नित्ज- चिदणुवाद।

इकाई-2.4 पूर्व स्थापित सामंजस्य

खण्ड-3 अनुभवाद

इकाई-3.1 बर्कले- जड़वाद की आलोचना, आत्मगत प्रत्ययवाद

इकाई-3.2 ह्यूम-संशयवाद,

इकाई-3.3 कार्य कारणता का सिद्धान्त,

इकाई–3.4 आत्मा एवं ईश्वर विचार

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

खण्ड–4 काण्ट का समीक्षावाद

इकाई–4.1 संश्लेषणात्मक एवं विश्लेषणात्मक ज्ञान

इकाई–4.2 बुद्धि की कोटियाँ

इकाई–4.3 देश काल की अवधरणा

इकाई–4.4 अज्ञेयवाद।

परिणाम–

1. ग्रीक दर्शन के विभिन्न सम्प्रदायों का विवरण।

2. प्राचीन पाश्चात्य दार्शनिकों के वैचारिक सिद्धान्तों की विद्यार्थियों को जानकारी प्राप्त होगी।

3. बुद्धिवादी एवं अनुभववादी चिन्तकों व दार्शनिकों का परिचय व सिद्धान्तों का विवरण प्राप्त होगा।

4. भारतीय एवं पाश्चात्य दर्शन के बारे में तुलनात्मक चिंतन विकसित होगा।

BDPHID-203 (1)
संस्कृतसाहित्यम्-II

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

पाठ्यक्रम के उद्देश्य :-

1. संस्कृत साहित्य के सम्यक् ज्ञान हेतु संस्कृत वाक्यों में प्रयुक्त विभिन्न कारकों व विभक्तियों में ज्ञान कराना।

2. सुसंस्कृत पदों की रचना हेतु समास की विधा से परिचय कराना।

3. संस्कृत साहित्यिक विधा से परिचय कराना।

खण्ड-1 कारकप्रकरणं विभक्तिश्च-

संस्कृत साहित्य में प्रयुक्त विभिन्न कारकों (कर्त्ता, कर्म आदि) तथा विभक्तियों (प्रथमा, द्वितीया आदि) का सूत्र एवं उदाहरणों सहित परिचय ।

खण्ड-2 समासप्रकरणम् -

संस्कृत साहित्य में प्रयुक्त प्रमुख समासों (तत्पुरुष समास, बहुब्रीहि समास आदि) तथा उनके विभिन्न प्रभेदों का सूत्रों एवं उदाहरणों सहित वर्णन ।

खण्ड-3 कालिय नाग का मानमर्दन एवं कंस का वध ।

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिन्दी नदी में प्रवेश कर अत्यन्त भयानक कालिय नाग के आतंक से गोकुलवासियों के साथ-साथ प्राणि मात्र को अभय प्रदान करना तथा मथुरा जाकर कंस का वध कर उसके आतंक से समस्त जनता को मुक्त करना ।

चतुर्थ इकाई- शब्दरूप, धातुरूप (1-15 अभ्यास पर्यन्त)ए अनुवाद, संख्याएँ (1-100)।

परिणाम-

1. संस्कृत व्याकरण के आधारभूत ज्ञान से शब्दों की वैज्ञानिक पद्धति से परिचित होकर शब्दार्थ व वाक्यार्थ बोध करने व कराने में सक्षम हो जाता है।

2. संस्कृत वाक्यों में प्रयुक्त विभिन्न कारकों, विभक्तियों, समास के ज्ञान में पारंगत हो जाता है ।

3. नाट्य शैली की साहित्यिक विधा से परिचित होकर व्यावसायिक कुशलता प्राप्त कर लेता है।

प्राचीन भारत का इतिहास -2

पाठ्यक्रम के उद्देश्य:-

इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मौर्य काल के पश्चात से लेकर गुप्त काल तक की ऐतिहासिक प्रक्रियाओं को समझना है। जिसमें मौर्योत्तर काल में हूए विदेशी आक्रमणों के प्रभाव से लेकर महान गुप्तों के शासन काल के स्वर्णिम इतिहास से अवगत कराना है।

खण्ड-1 मौर्योत्तरकालीन राजवंशों का परिचय

इकाई-1.1 शुंग राजवंश-पुष्यमित्र शुंग

इकाई-1.2 कण्व राजवंश

इकाई-1.3 सातवाहन वंश का परिचय

इकाई-1.4 महामेघवाहन वंश- खारवेल

खण्ड-2 मौर्योत्तरकालीन विदेशी राजवंशों का परिचय

इकाई-2.1 भारतीय यवनों का परिचय

इकाई-2.2 शक क्षेत्रपों का राजनैतिक इतिहास

इकाई-2.3 पल्लव वंश

इकाई-2.4 कुषाण वंश कनिष्क की राजनैतिक उपलब्धियाँ

खण्ड-3 गुप्तवंश परिचय

इकाई-3.1 गुप्त वंश का परिचय एवं प्रारम्भिक इतिहास,

इकाई-3.2 समुद्रगुप्त की राजनैतिक उपलब्धियाँ,

इकाई-3.3 चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की राजनैतिक उपलब्धियाँ,

इकाई-3.4 चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के उत्तराधिकारी एवं गुप्त राजवंश के पतन के कारण।

इकाई चतुर्थ- मौर्योत्तरकाल से गुप्त काल तक का सांस्कृतिक विकास

इकाई-4.1 सामाजिक परम्पराएं

इकाई-4.2 आर्थिक जीवन

इकाई-4.3 नवीन धर्मिक परम्पराओं का उद्भव एवं विकास

इकाई-4.4 स्थापत्य कला एवं मूर्तिकला का विकास

परिणाम–

CREDIT: -02
CA: 15
SEE: 35
MM: 50

- विदेशी आक्रमणों के प्रभाव के प्रति दृष्टिकोण की समझ विकसित करने में।
- मौर्य काल के बाद के राजवंशों के विभिन्न शासकों के कार्यों में अंतर पर विचारों का आदान–प्रदान करने में।
- गुप्त साम्राज्य की महानता को स्थापित करने में।
- वाकाटक काल की सांस्कृतिक उपलब्धियों की व्याख्या करने में।

पाठ्य पुस्तक– शर्मा, एल0 पी0ः प्राचीन भारत, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, 2022 उपेन्द्र सिंहः प्राचीन और पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास पााण काल से 12 वीं शताब्दि ई0 दिल्ली 2016.

BDPHAE-204

Advanced English communication Skills

➢ **Course Objectives**

To reinforce grammar and vocabulary use, including subject-verb agreement, phrasal verbs, idioms, and homophones.

1. To develop effective listening and speaking skills for academic and professional contexts such as presentations, interviews, and group discussions.
2. To enhance reading comprehension through critical reading, analysis, and vocabulary development.
3. To strengthen writing skills in academic, business, and professional communication, with emphasis on clarity, tone, and accuracy.

To promote proofreading and editing skills to ensure well-polished communication in various formats.

Block 1: Grammar and Vocabulary in use

Unit 1: Subject-verb Agreement

Unit 2: Reported Speech

Unit 3: Phrasal Verbs, Idioms and Collocations

Unit 4: Homophones and Homonyms

Block 2: Listening and Speaking Skills

Unit 1: Academic and Professional Listening

Unit 2: Public Speaking

Unit 3: Debates and Group Discussion

Unit 4: Interview

Block 3: Advanced Reading Strategies

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

Unit 1: Reading Academic and Professional Texts

Unit 2: Critical Reading

Unit 3: Analysis and Interpretation

Unit 4: Vocabulary in ontext

Block 4: Advanced Writing Skills

Unit1: Academic Writing

Unit 2: Business letters and Report Writing

Unit 3: Resume and Cover letter

Unit 4: Editing and Proof Reading

- **Course Outcomes**

By the end of this course, students will be able to:

1. Apply advanced grammar and vocabulary accurately in both speech and writing.
2. Listen and respond effectively in academic and professional settings, including interviews, discussions, and public speaking.
3. Engage in structured debates and group discussions with clarity and confidence.
4. Read and analyze academic and professional texts critically for main ideas, tone, and purpose.
5. Interpret complex texts using advanced reading strategies and contextual vocabulary understanding.
6. Write academic essays, reports, business letters, resumes, and cover letters with proper structure and tone.

7. Edit and proofread written content for grammatical accuracy, coherence, and professionalism.

BDPHSE-205(1)

योग चिकित्सा–2

उद्देश्यः

- भारतीय पुरातन चिकित्सा पद्धति के समन्वित् स्वरूप का बोध कराना ।
- समन्वित चिकित्सा पद्धति के व्यावहारिक एवं प्रयोगात्मक अभ्यास द्वारा साध्य एवं असाध्य रोगों का निदान।
- योग,आयुर्वेद,पञ्चकर्म,षट्कर्म,नेचुरोपैथी,आहार चिकित्सा,यज्ञचिकित्सा,एक्यूप्रेशर एवं समन्वित् भारतीय पुरातन चिकित्सा पद्धतियों के सैद्धांन्तिक एवं प्रयोगात्मक बोध द्वारा योग्य एवं प्रशिक्षित –व्यद्रित्व का निर्माण करना।

खण्ड–1 प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य –

इकाई–1.1 प्राकृतिक चिकित्सा का परिचय

इकाई– 1.2 मिट्टी चिकित्सा (पृथ्वीतत्व)

इकाई– 1.3 जल चिकित्सा (जलतत्व)

इकाई– 1.4 सूर्य चिकित्सा – (अग्नितत्व)

खण्ड–2 प्राकृतिक चिकित्सा –

इकाई– 2.1 यज्ञ चिकित्सा – (वायुतत्व)

इकाई– 2.2 धूम चिकित्सा – (वायुतत्व)

इकाई– 2.3 उपवास चिकित्सा – (आकाशतत्व)

खण्ड–3 पंचकर्म, षट्कर्म एवं वैकल्पिक चिकित्सा

इकाई– 3.1 पंचकर्म चिकित्सा

इकाई– 3.2 षट्कर्म चिकित्सा

इकाई– 3.3 वैकल्पिक चिकित्सा

खण्ड–4 शमन चिकित्सा

इकाई– 4.1 अभ्यंग, शिरोपिच्चु, शिरोधारा, अक्षितर्पण, नेत्रधारा, कर्णपूरण

इकाई– 4.2 नस्य, पोटली मसाज, बालुका स्वेदन, शक्तिशाली पिण्ड स्वेदन

इकाई– 4.3 उद्वर्तन (पाउडर मसाज), उपनाह, परिज़ेक, स्नेहधारा, गण्डूज़–कवल, सर्वांग वाष्प स्वेदन

इकाई– 4.4 नाड़ी स्वेदन, कर्णधूपन, क्षीरभाप, श्रृंगी, वातमोक्षण, अग्नि कर्म एवं आरोग्य सूत्र।

परिणाम :

CREDIT: -03
CA: 25
SEE: 75
MM: 100

समन्वित चिकित्सा पद्धति में प्रशिक्षित विद्यार्थी समाज में साध्य–असाध्य रोगों से पीड़ित रोगियों को उपचार देकर उन्हें सम्पूर्ण आरोग्य का लाभ प्रदान करता है एवं भारतीय पुरातन चिकित्सा व्यवस्था के प्रचार प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है।

सेवा निष्ठा आजीविका का आलम्बन लेकर स्वयं आत्मनिर्भर होता हुआ अन्यों को भी रोजगार परक सेवा क्षेत्र में नियोजित करता है, उपकार परख उपचार की एक स्वस्थ परम्परा का संवाहक बनकर समाज को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के मार्ग पर अग्रसर करता है।

BDPHSE-205(2)

गायन एवं वादन का मधय स्तरीय बोध

उद्देश्यः-

